RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 303 | नागौर, 10 अक्टूबर, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## जोधपुर में डैम घूमने गए 6 दोस्त, 3 की मौत

### एक दोस्त का अचानक पैर फिसला, हादसे से पहले हाईवे पर बनाया वीडियो

**जोधपुर।**

वीकेंड मनाने गए 6 दोस्त एक हादसे का शिकार हो गए। इनमें 5 दोस्त एक दोस्त को बचाने के लिए डैम में कूद गए। इस हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि दो को रेस्क्यू कर डैम से बाहर निकाला। डैम पर पहुंचने से पहले सभी दोस्तों ने हाईवे पर वीडियो भी बनाया था। मामला जोधपुर के मंडोर थाना क्षेत्र के सुरपुरा डैम का है। जहां सुबह करीब 12 बजे यह हादसा हुआ।

जानकारी के अनुसार प्रताप नगर मजदूर कॉलोनी निवासी अब्दुल मुतलिब (15), समीर हुसैन (17), इब्राहिम (16), नौशाद अली (17), मोहम्मद इब्राहिम (16) और मोहम्मद इस्माइल (15) रविवार को घूमने निकले थे। अब्दुल मुतलबि ने बताया कि सभी दोस्तों ने प्लान बनाया था कि वे जालोरी गेट की तरफ घूमने जाएंगे। लेकिन, अचानक से प्रोग्राम बदला और सभी सुरपुरा डैम घूमने के लिए निकल गई।

अब्दुल मुबलिब ने बताया कि सभी डैम की पाळ पर चल रहे थे। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डैम में जा गिरा। वह डूबने लगा तो चिल्लाने लगा। दोस्त को डूबता देख समीर हुसैर, इब्राहिम, मोहम्मद नौशाद और मोहम्मद इब्राहिम उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़े। लेकिन, दोस्तों ने अब्दुल और समीर हुसैन को तो बचा लिया लेकिन इस हादसे में नौशाद अली, इब्राहिम और मोहम्मद इस्माइल डूब गए व तीनों की मौत हो गई। जबकि मोहम्मद इब्राहिम डैम से दूर खड़ा था।

### सलीम ने दोस्तों के साथ बनाया वीडियो

सलीम ने बताया कि एक दिन पहले ही सभी ने घूमने का प्लान बना लिया था। सुरपुरा की तरफ निकले तो सभी दोस्त मस्ती कर रहे थे। इस दौरान सलीम ने हाईवे पर तीन से चार वीडियो बनाए। सलीम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो भी शेयर किया था।

इधर, हादसे की सूचना मिलते ही स्ठत्रन्न की टीम और कलेक्टर हिमांशु गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एक बच्चे का पैर फिसलने से यह हादसा हुआ था। घायलों का इलाज महात्मा गांधी अस्पताल में चल रहा है। जबकि, शवों को एमजीएच हॉस्पिटल की ही मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

## कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा का निधन

### सरकार गिराने से लेकर बचाने तक के रोल में रहे बेबाक; राहुल को कहा था जोकर

**जयपुर।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और चूरू जिले के सरदाशहर से विधायक पंडित भंवरलाल शर्मा का निधन हो गया है। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में आज सुबह शर्मा ने अंतिम सांस ली। शनिवार शाम को ही उन्हें एसएमएस अस्पताल भर्ती करवाया गया था। शर्मा अपने 37 साल के करियर में हमेशा बेबाक बयानबाजी के लिए पहचाने गए। आम आदमी से जुड़ाव और खुलकर अपनी बात कहने के कारण उन्हें कई बार परेशानी का भी सामना करना पड़ा। करीब आठ साल पहले कांग्रेस ने उन्हें राहुल गांधी को जोकर कहने पर निलंबित कर दिया था। भंवरलाल शर्मा पिछले कई दिनों से बीमार थे। पहले उन्हें गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भी भर्ती करवाया था, वहां से छुट्टी मिल गई थी। उन्हें किडनी सहित कई तरह की बीमारियां थीं। शनिवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां आज उन्होंने अंतिम सांस ली। 17 अप्रैल 1945 को सरदाशहर के जैतसीसर गांव में पैदा हुए भंवरलाल शर्मा ने 60 के दशक में सरपंच से राजनीतिक करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सियासत में पीछे मुड़कर नहीं देखा। शर्मा सरदारशहर से सात बार विधायक रहे। वे 8 वीं से लेकर 12 वीं विधानसभा तक सरदारशहर से पांच बार लगातार जीते। बीच में हार गए थे। वे कांग्रेस से पहले जनता पार्टी में रहे थे।

### सीएम गहलोत ने जताया दुख

सीएम अशोक गहलोत ने विधायक भंवरलाल शर्मा के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सरदारशहर (चूरू) से कांग्रेस विधायक श्री भंवरलाल शर्मा के निधन पर मेरी गहरी संवेदनाएं। काफी समय से वो अस्वस्थ चल रहे थे, उनके स्वास्थ्य को लेकर मैं उनके परिवारजनों के संपर्क में था, कल रात एसएमएस अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से जानकारी ली और परिवार से मुलाकात की थी।



शर्मा के निधन पर राज्यपाल कलराज मिश्र, सीएम अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित मंत्रियों और नेताओं ने शोक जताया है।

भंवरलाल शर्मा के निधन के बाद सरदारशहर सीट खाली हो गई है। विधानसभा में कांग्रेस के अब 107 विधायक रह गए हैं। सरदारशहर सीट खाली होने पर अब यहां उपचुनाव करवाने पर फैसला चुनाव आयोग करेगा। किसी विधायक के निधन पर छह महीने के भीतर उपचुनाव करवाने का प्रावधान है,

लेकिन अगर विधानसभा का कार्यकाल साल भर से कम बचा हो तो उपचुनाव नहीं करवाए जाते। विधानसभा का कार्यकाल एक साल से ज्यादा है इसलिए यहां उपचुनाव होना तय माना जा रहा है, हालांकि, आखिरी फैसला चुनाव आयोग करेगा।

## जयपुर सहित 22 जिलों में अलर्ट

**जयपुर।**

जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर संभाग के 22 जिलों में रविवार को बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग ने 22 में से 16 जिलों में भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। 11 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

पिछले 2 दिन से हो रही बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया है। 8 शहरों में दिन और रात का तापमान 30 डिग्री से नीचे चला गया है। सबसे ज्यादा चूरू में तापमान 13 डिग्री सेल्सियस गिरा है, जबकि झुंझुनूं और अलवर में 12-12 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट रिकॉर्ड हुई है। अलवर, भरतपुर, जयपुर, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर , उदयपुर और नागौर जिलों में भारी बारिश रिकॉर्ड हुई है। पूर्वी राजस्थान में सबसे ज्यादा बारिश सेवर बांध (भरतपुर) में 9 इंच (227एमएम) रिकॉर्ड हुई है।

## जयपुर में सड़क पर बने गड्डे में डूबने से मौत

### 15 फीट गहरा गड्ढा बरसात के पानी से भरा, सड़क पर चल रहा युवक गिरा

**जयपुर।**

जयपुर में 15 फीट गहरे गड्ढे में रविवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। ये गड्ढा रोड किनारे एलिवेटिड रोड का पिलर डालने के लिए खोदा गया था। शनिवार से हो रही बारिश के कारण गड्ढा पानी से लबालब हो गया था। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने गड्ढे से शव को बाहर निकाला। स्न्रस्रु टीम की मदद से मौके से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव स्न्रस्र हॉस्पिटल की मॉच्र्यूरी में रखवाया है। एसीपी (झोटवाड़ा) प्रमोद स्वामी ने बताया कि मृतक मदन दास (40) पुत्र जगन्नाथ निवासी जमुनापुरी मुरलीपुरा का रहने वाला था। वह झोटवाड़ा इलाके में ट्राइटन मॉल से 200 मीटर दूरी पर स्थित शुगर मिल में काम करता था। शनिवार रात को फैक्ट्री से छुट्टी होने पर रोज की तरह पैदल-पैदल घर जा रहा था। ट्राइटन मॉल के पास से निकलते समय उसका पैर फिसल गया।

## जायल में मुस्लिम समुदाय ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर शहर के मुख्य मार्गो से निकला जुलूस ए मोहम्मदी का एहतमाम किया गया जायल सहित आस पास के गांवों के अकीदतमंदों ने मदीना मस्ज़िद, छीपा की गली, सदर बाजार, ईदगाह मार्ग, खिंयाला चौराहा, तहसील चौराहा, बस स्टैंड ,दरगाह हाजी साहब से मदीना मस्ज़िद तक जुलूस निकाला गया।



मदीना मस्ज़िद के इमाम मौलाना जहांगीर आलम ने बताया कि जुलूस मोहम्मदी के दौरान अकीदत मंदो ने या रसूल या मरहबा, या प्यारे रसूल नात शरीफ का नज़राना पेश किया। अकीदतमंदों का मुख्य तालाब के पास, मांजियावास चौराहा एवम ईदगाह परिसर में स्वागत कर तबरुख़ पेश किया गया। मदीना मस्ज़िद के इमाम मौलाना जहांगीर आलम ने बताया कि जुलूस ए मोहम्मदी का हाजी साहब की दरगाह में हाजरी के साथ सलात ओ सलाम पढ़ा गया और पूरे मुल्क में शांति, सौहार्द और तरक्की के लिए दुआ की इस मौके पर मिलाद के जलसे में मुफ़्ती असगर अली मिस्बाही, मौलाना हुसैन, इमरान अली, कारी रईस अहमद, अहमद अली, अली मोहम्मद ने शिरकत की गई।

## रियांबड़ी में ईदमिलादुन्नबी पर निकला ज़ुलूस

### बड़ी मस्जिद से हजारों अकीदतमंदों ने शिरकत

इलियास खान

**रियांबड़ी ( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे में हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर रविवार को ईद-मीलादुन्नबी बारावफात का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। बड़ी मजिस्द से हाथों में झंडा लिए हुए मुख्य मार्गों से होते हुए जुलूस निकाला गया। जो ईदगाह में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। मस्जिदों में लोगों ने अल्लाह की इबादत की। जुलूस पर अकीदतमंदों ने फूल बरसाए। इस मौके पर हिन्दू समुदाय के लोगों ने ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद-मीलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कालू खां, पुलिस उपाधीक्षक डेगाना नंदलाल सैनी, तहसीलदार महेश कुमार शेषमा, थानाधिकारी सुमन कुल्हरी, रामनिवास भाटी, जरीफ मोहम्मद पठान, अनवार मोहम्मद, लाल मोहम्मद सिपाई, जबार मोहम्मद, साकिर मोहम्मद जुलूस में शामिल रहे। गली-मोहल्लों को दुल्हन की तरह सजाया गया था।



रंग-बिरंगे लाइट्स मस्जिदों के मिनारों को चार-चांद लगा रहे थे। झंडों से मोहल्लों की खूबसूरती देखती बन रही थी। बड़े, बूढ़े व छोटे-छोटे बच्चे कुर्ता-पायजामा पहनकर ईद मिलादुन्नबी पर्व की शोभा बढ़ा रहे थे। इस अवसर पर अकबर कुरैशी, शरीफ मोहम्मद, अब्दुल मोबिन, सलाम मोहम्मद, इस्लाम सिपाई, फारुख सिलावट, मंजीत सिलावट, आरिफ सिलावट, अहसान लुहार, समशुदीन तेली, बाबू कुरैशी, बरकत अली, जाकिर मोहम्मद, अमन खान, सलीम सिपाई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ईद मिलादुन्नबी पर हरसौर में निकला ज़ुलूस



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में रविवार को ईद मिलादुन्नबी का पर्व उत्साह से मनाया गया। मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस-ए-मोहम्मदी मदरसा तालीमुल इस्लाम से निकाला गया। जुलूस के दौरान नबी के सिद्धांतों व संदेश का प्रचार सहित नात ए पाक व चुनिंदा नारे लगाए गए। जुलूस कस्बे के मुख्य मार्ग से होता हुआ मदरसा पहुंचा। वहां पर जुलूस महफिल ए मिलाद के रूप मे तब्दील हो गया। हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी फूल बरसाकर साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया।

## डीडवाना में फ़ातेहाखानी, तबर्रुक तकसीम व नारेबाजी के साथ निकला जुलूस

### भारी तादात में महिलाएं, बच्चे, युवाओं ने की शिरकत

अबरार अली बेरी

**डीडवाना ( नागौर डेली न्यूज ) :** दुनिया को उन्नत और खुशहाल बनाये रखने के लिए हमें पैगम्बर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते का अनुसरण करना होगा, बुराई के खात्मे के लिए जरूरी है कि इस्लाम मे बताये अमन, शांति, बन्धुत्व के साथ जिंदगी गुजारी जाए। शाही जामा मस्जिद इमाम मौलाना अब्दुर्रशिद रिज़वी ने जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर यह बात कही।

### फातेहा ख़ानी में उमड़ा सैलाब

जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर गरीब नवाज मैनेजिंग कमेटी की जानिब से आयोजित कार्यक्रम के तहत स्थानीय दरगाह हजरत जाफ़र शहीद के आस्ताने शरीफ पर फ़ातेहाखानी रखी गयी जिसमें शहर काजी जनाब रेहान उसमानी व नायब शहर काजी जनाब सादिक उसमानी साहेब की सरपरस्ती में भारी तादात में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत कर अपनी अक़ीदत के नजराने पेश किए । फ़ातेहाखानी के बाद तबर्रुक तकसीम किया गया ।

### डेढ़ किलो मीटर लंबा जुलूस, चारों ओर इस्लामिक झंडों व तिरंगों का नजारा

रविवार प्रात: 8:30 बजे नगर के मदरसा हनफ़िया गरीब नवाज साल्ट रोड़ से जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस प्रारम्भ हुआ, जिसमें भारी तादात में मुस्लिम समाज के युवा, बच्चे, महिलाओं ने शिरकत की, करीब डेढ़ किलो मीटर लम्बे इस जुलूस में मदरसों के बच्चों, युवाओं और औरतों के हाथों में इस्लामिक आयते लिखी झंडों में साथ बड़ी संख्या में हाथों में तिरंगा नजर आ रहा था।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मौलाना इक़बाल, मौलाना मिन्हाजुल इस्लाम, मौलाना आलमगीर, मौलाना नाज़िम, मौलाना नूर आलम, मौलाना चिरागुद्दीन, मौलाना हैदर नूरी, मौलाना इस्हाक़, मौलाना अशफ़ाक़, हाफिज लियाक़त, हाफिज शकील, हाफिज रमज़ान, हाफिज मुस्लिम, मौलाना अजलान मौलाना ज़मीरुल इस्लाम, मौलाना बाबुल, सूफी इमरान, अनीक अहमद उस्मानी आदि उपस्थित रहे । समापन पर चीफ शहर काजी रेहान उसमानी, आयोजन समिति गरीब नवाज कमेटी के इकराम अशरफी व समीर पठान ने सफल आयोजन के लिए नगर को बधाइयाँ प्रेषित करते हुए वृत निरीक्षक राजेश डूडी व पुरे पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

## जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर डेगाना शहर में निकला विशाल जुलूस



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नगर पालिका क्षेत्र में रविवार को जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर विशाल जुलूस निकाला गया। हाथों में तिरंगा झंडा लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम मोमिन बन्धुओं ने बड़ी शानोशौकत से इस जुलूस में हिस्सा लिया। डेगाना शहर में जुलूस जामा मस्जिद से बस स्टैंड, नागौर फाटक से रेलवे स्टेशन, सदर बाजार, स्टेट बैंक, हॉस्पिटल चौराहा से होते हुए पीर बाबा की दरगाह पर आकर सलाम व दुआ पढ़ी गई। डेगाना जामा मस्जिद इमाम शहादत खान बरकती ने बताया कि हर व्यक्ति आपसी के मतभेद मिटाकर सच्चे मन की इंसानियत के साथ भलाई व बेहतरी का सोचे, ताकि हर व्यक्ति का भला हो सके। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी इंसानियत को बरकरार रखें तथा पैग़बर मोहम्मद साहब के बताए रास्तों पर चलें। इस अवसर पर डेगाना नगर पालिका चेयरमैन मदनलाल अटवाल, भामाशाह अनवर अली भाटी, जामा मस्जिद इमाम शहादत खान बरकाती, रफीक मोहम्मद शेरानी, गैन मोहम्मद, इलियास मोहम्मद खान, मंजूर अली जमील अहमद, कमरुद्दीन, सदीक मोहम्मद, चांद मोहम्मद जोया, मनीरूदिन, हनीफ छिंपा, पार्षद रफीक खान, इरफान राव, मुमताज खान, सिराजुद्दीन लुहार, सरजीत खान, रूहान हैप्पी खान, रफीक खान अमजद खान, फारुख मिस्त्री, शेरू खान, राजू खान सहित डेगाना के मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। ईद उल मिलाद उन नबी के अवसर पर कायमखानी नगर के मदरसे में कायमखानी मदीना मस्जिद के इमाम गुलाम अहमद के नेतृत्व में नात शरीफ व कलमा शरीफ तथा बच्चों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरजीत खान, रफीक खान, अमजद खान सहित नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# आतंक का नासूर

**पिछले कुछ सालों से घाटी में अमन बहाली के लिए सख्त सैन्य अभियान चलाए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाना सरकार के लिए अब भी बड़ी चुनौती है। जब भी कोई राष्ट्रीय पर्व आता है या केंद्र सरकार का कोई बड़ा नेता घाटी के दौरे पर होता है, तब दहशतगर्द कुछ अतिरिक्त रूप से सक्रिय हो जाते हैं। जब केंद्रीय गृहमंत्री घाटी के दौरे पर गए, तब भी आतंकी गतिविधियां तेज हो गईं। घात लगा कर हमले किए गए। उसके बाद सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में चार आतंकी मार गिराए। घाटी में दहशतगर्दी के पीछे पाकिस्तान का हाथ किसी से छिपा नहीं है। इस मुद्दे पर वर्षों उसके साथ बातचीत का दौर चलता रहा, मगर उसने इसे रोकने में कोई सकारात्मक पहल नहीं की।** अब गृहमंत्री ने कहा है कि सरकार पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करेगी, वह घाटी से आतंकवादियों का सफाया करेगी और घाटी को सबसे शांत इलाका बनाएगी। मगर तमाम सख्ती और सक्रियता के बावजूद जिस तरह घाटी में आतंकी संगठनों की मौजूदगी न सिर्फ बनी हुई है, बल्कि वे लगातार सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते आ रहे हैं, उसे देखते हुए यह दावा करना मुश्किल है कि घाटी में अमन का दौर कब शुरू हो सकेगा। फिर सवाल वही है कि क्या सिर्फ हथियार के बल पर वहां दहशतगर्दी को खत्म किया जा सकता है।

पिछले कुछ सालों से घाटी में अमन बहाली के लिए सख्त सैन्य अभियान चलाए जा रहे हैं। अलगाववादी संगठनों को एक तरह से प्रभावहीन कर दिया गया है। आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है। सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर कड़ी नजर है। घाटी में सैन्य बलों की तादाद पहले से काफी बढ़ाई जा चुकी है। तलाशी अभियान निरंतर चल रहे हैं। पाकिस्तान की तरफ से सड़क मार्ग के जरिए होने वाली तिजारत पर रोक लगी हुई है, जिससे दहशतगर्दों तक पैसा, हथियार वगैरह की आमद लगभग बंद मानी जा रही है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद लंबे समय तक कर्फ्यू रहा, संचार सेवाएं बंद थीं। तब कहा गया था कि आतंकी संगठनों की कमर टूट चुकी है। कुछ मौकों पर दोहराया भी गया कि घाटी से दहशतगर्दी अब समाप्त होने को है। मगर हकीकत तब सामने आ जाती है, जब कोई बड़ा हमला हो जाता है। वैसे सुरक्षा बलों को निशाना बना कर दहशतगर्द आए दिन हमले करते रहते हैं। जवाब में सुरक्षा बल भी दहशतगर्दों को मार गिराते हैं। फिर भी वे नए सिरे से पूरी तैयारी के साथ प्रकट हो जाते हैं, यह हैरानी की बात है। कुछ दिनों पहले खुद सरकार ने आंकड़े जारी करके बताया था कि पिछले दो सालों में आतंकी संगठनों में भर्ती होने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ी है। जाहिर है, सरकार के तमाम उपायों के बावजूद घाटी में दहशतगर्दों के मंसूबे कमजोर नहीं हो रहे। ऐसे में अगर सचमुच सरकार आतंकवाद खत्म करने को लेकर गंभीर है, तो उसे नई रणनीति बनाने की जरूरत है। हथियार के बल पर वह इसे समाप्त करने की कोशिशों में कामयाब होती नजर नहीं आ रही। मगर जिस तरह गृहमंत्री ने इस समस्या से पार पाने का दम भरा, उससे प्रकट है कि सरकार हथियार के अलावा दूसरे किसी रास्ते पर विचार नहीं करना चाहती।

# नई तरह की राजनीति के इंतजार में देश, प्रलोभन देकर वोट हासिल करने के तरीके में लाना होगा बदलाव

**हमारे लोकतंत्र में हर समय चुनाव होना खतरे की घंटी तो नहीं? जब लोकतंत्र सत्तामूलक और चुनाव केंद्रित है, तब नेताओं का ध्यान शासन में कैसे लगेगा? वे हमेशा चुनाव में व्यस्त रहते हैं। जिन दलों के पास अपना कैडर नहीं, उनकी समस्या और जटिल है। वे चुनाव जीतने के लिए विचारधारा या मुद्दों के बजाय धनबल, बाहुबल, जातिवाद या सांप्रदायिकता का सहारा लेते हैं। वे मतदाताओं को ऐसे-ऐसे प्रलोभन देते हैं, जो चुनावों की स्वतंत्रता, शुचिता और 'स्पर्धा में समानता' के सिद्धांत का उल्लंघन करते हैं। यह समस्या पुरानी है।**

**कई** राज्यों में विधानसभा उपचुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद दिसंबर में गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। कई राज्यों में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव होने हैं। इस प्रकार देखें तो भारतीय राजनीति चुनावमय हो गई है। क्या चुनाव ही अभीष्ट हैं? क्या नेताओं, दलों और जनता के पास और कोई काम नहीं? क्या दलों का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना मात्र है? लोकतंत्र और राजनीति का अति-चुनावीकरण वर्जित है। प्रख्यात विधिवेत्ता नानी पालकीवाला के अनुसार, 'चुनाव लोकतंत्र की धड़कन हैं। यदि वे बहुत जल्दी-जल्दी होते हैं या बहुत देर में होते हैं, तो दोनों ही खतरे का संकेत हैं।'

2006 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में द्रमुक ने अपने घोषणापत्र में रंगीन टीवी देखने का वादा किया। सरकार बनने के बाद द्रमुक ने इस वादे को पूरा करने के लिए सरकारी खजाने से 750 करोड़ रुपये आवंटित किए। 2011 के विधानसभा चुनाव में द्रमुक ने ऐसे वादों को पुनः दोहराया। जवाब में प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक ने उससे भी एक कदम आगे बढ़ते हुए घोषणापत्र में सभी मतदाताओं को 'मिक्सर-ग्राइंडर, बिजली के पंखे, लैपटाप, चार ग्राम सोने की वस्तु, विवाह हेतु वधू पक्ष को 50 हजार रु, 20 किलो चावल, गाय और भेड़ देने का वादा किया।

अन्नाद्रमुक की भारी जीत हुई। बाद में उसके इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई। सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु राज्य मामले में 5 जुलाई, 2013 को सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह आदर्श आचार संहिता में ऐसा प्रविधान करे, जिससे राजनीतिक दल अनर्गल लोकलुभावन घोषणाएं न करें। न्यायालय ने कानून बना कर राजनीतिक दलों पर नियंत्रण का भी सुझाव दिया। आयोग ने सभी दलों से परामर्श कर 2013, 2014, 2015 और 2019 में कुछ कदम उठाए, किंतु वे अपर्याप्त रहे। बीते दिनों आयोग ने इस संबंध में नए प्रस्तावों पर सभी दलों से 19 अक्टूबर तक राय मांगी है।

लगता है आम आदमी पार्टी ने 'तमिलनाडु माडल' अपना लिया है। मुफ्तखोरी वाली योजनाओं के दम पर पहले दिल्ली और फिर पंजाब में अपनी सरकार बनाई। मुफ्तखोरी की राजनीति उसी तरह घातक है, जैसे परीक्षा में नकल करके पास होना। नकल से अंततः छात्र का ही नुकसान होता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से जनता, अर्थव्यवस्था और राजनीतिक दलों का भी नुकसान होता है। सत्ता लोभ में वे नहीं देखते कि संसाधन कहां से आएंगे? क्या जनता उसका बोझ सह पाएगी?

जैसे-जैसे नेता और दल जनता को मुफ्तखोरी की लत लगाएंगे, वैसे-वैसे मुफ्तखोरी की उसकी भूख बढ़ती जाएगी। फिर कोई मेहनत क्यों करेगा? जो समाज मेहनतकश नहीं, वह आगे कैसे बढ़ेगा? ऐसे में दलों को जनता में परिश्रम-पुरुषार्थ के संस्कार प्रतिरोपित करने चाहिए। आम आदमी तो बहुत स्वाभिमानी है। उसे मुफ्तखोरी का आदी मत बनाइए। पार्टियां शासन करें, विकास करें, लोक कल्याण करें और गरीबों के प्रति संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह करें, लेकिन जनता के




आत्मसम्मान पर आघात कर उसे समाप्त न करें। आज राजनीतिक दलों के पास एजेंडे का अकाल है। उनका ध्यान सत्ता प्राप्त करने या सत्तारूढ़ दल को गिराने पर है। वे नहीं बताते कि सत्ता मिलने पर उनके पास विकास की क्या वैकल्पिक योजना होगी? उनके पास कितने योग्य लोग हैं? अधिकांश दलों में आपराधिक किस्म के लोगों की आवक हो रही है, जो केवल अपना हित चाहते हैं। उन्हें न अपने कार्य का ज्ञान है, न ही उसमें कोई रुचि। वे विभागीय फैसलों के दूरगामी परिणामों का आकलन करने में भी समर्थ नहीं। अधिकारियों से अपेक्षा करते हैं कि वे उनका काम करते रहें, चाहे वह नियम विरुद्ध क्यों न हो। नौकरशाह भी जानते हैं कि वर्तमान राजनीतिक संस्कृति में उनके पास कोई विकल्प नहीं है।

क्या नेताओं को आभास भी है कि 21वीं सदी में भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के चलते उनको कैसी गंभीरता एवं विशेषज्ञता की जरूरत है? क्या कोई भी राजनीतिक दल साफ-सुथरे, शिक्षित और देश के प्रति समर्पित युवाओं को राजनीति में लाने का गंभीर प्रयास कर रहा है? देश की राजनीति में छात्र संघों का प्रयोग पूर्णतः असफल रहा। उससे इक्का-दुक्का युवा नेता भले निकला हो, पर सामान्यतः उसे गुंडे-बदमाशों ने 'हाईजैक' कर लिया, जिन्हें दलों ने अपना लिया। देश में योग्य युवाओं का जो अक्षय भंडार है, उसे तो किसी पार्टी ने छुआ ही नहीं। क्या किसी पार्टी को यह नहीं सोचना चाहिए कि आगामी 50 वर्षों में स्थानीय, प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीतिक नेतृत्व का स्वरूप कैसा हो?

आजादी के अमृतकाल में हमें नहीं भूलना चाहिए कि जिस लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का हम आनंद उठा रहे हैं, उसके लिए हमारे सर्वश्रेष्ठ विद्वानों और देशवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया था। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि आरोप-प्रत्यारोप से बाहर निकल राजनीति को स्वच्छ बनाएं। यह तभी संभव होगा, जब हम राजनीति का महत्व समझेंगे। राजनीति समाज में संघर्षों के समाधान की कुंजी है। वह वैयक्तिक एवं सामाजिक विकास का साधन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में कहा कि जनता ईमानदारी से और बिना भेदभाव के जनहित में लिए गए कठोर निर्णयों को भी पसंद करती है, लेकिन आज हम स्वार्थवश लोकलुभावन निर्णय ले रहें.

## आज का राशिफल

### मेष
सभी काम सरलतापूर्वक हल होंगे। उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी-धंधे के जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। उच्च अधिकारियों का व्यवहार सहयोगपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### वृषभ
बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं के प्रति आकर्षण होगा और उसमें सिद्धि मिलेगी।

### मिथुन
आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

### कर्क
आज क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों तथा अन्य लोगों के साथ संबंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। अदालती कामकाज में सावधानीपूर्ण कदम उठाएं।

### सिंह
आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ की मुलाकात होगी। विवाहोत्सुक व्यक्तियों की वैवाहिक समस्याएं मामूली प्रयत्न से हल हो जाएंगी।

### कन्या
जमीन, मकान तथा वाहन की खरीदारी या उसके दस्तावेजी काम के लिए अनुकूल समय नहीं है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी। पानी वाली जगहों से दूर रहें। कार्यस्थल पर महिलाओं से सावधान रहें।

### तुला
अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में यश और कीर्ति मिलेगी। अन्य लोगों के साथ बातचीत के दौरान क्रोध पर काबू रखें।

### वृश्चिक
विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधाएं आएंगी। आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय गुजरेगा। दोस्तों या स्नेहीजनों की तरफ से आपको उपहार मिलेगा।

### धनु
आज आप आध्यात्मिक विचारों में ज्यादा रुचि लेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं की तरफ विशेष आकर्षण होगा। वाणी पर संयम रखने से बहुत-सी गलतफहमियों से बच सकेंगे। अचानक धन लाभ होगा।

### मकर
आप गृहस्थ जीवन और दांपत्यजीवन में सुख-शांति का अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और निकटस्थ दोस्तों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर मिलेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन होने की संभावना है।

### कुंभ
आज का दिन शारीरिक अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेगा। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से विवाद होने की संभावना है।

### मीन
नए लोगों आकर्षण आपके लिए संकट ला सकती है। नए काम की शुरुआत या यात्रा न करें। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

## देश-प्रदेश समाचार

# देश में मिले कोरोना वायरस के 2,756 नए मामले, एक्टिव केसों में लगातार दूसरे दिन आई कमी

नई दिल्ली।

भारत में कोरोना के केसों के मिलने का सिलसिला जारी है। हालांकि, बीते दिनों में कोरोना के केसों में काफी गिरावट आई है। लेकिन इसके बावजूद कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। भारत में पिछले 24 घंटों में 2,756 नए मामले सामने आए हैं। एक दिन पहले देश में 2,797 नए मामले सामने आए और 3,884 लोग ठीक हुए थे।

**24 घंटे में मिले 2 हजार 756 नए मामले**- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में बीते 24 घंटों में 2 हजार 756 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि, एक दिन पहले के मुकाबले में आज कोरोना के केसों में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कल के मुकाबले आज 41 कम केस दर्ज किए गए हैं।

**एक्टिव केसों में आई कमी**-बता दें कि कोरोना के घटते केसों के बीच देश में एक्टिव मामले भी कम हो रहे हैं। देश में सक्रिय मामले 28,593 रह गए हैं। एक दिन पहले तक देश में एक्टिव केसों की संख्या 29,251 थी। वहीं, देश में दैनिक सकारात्मकता दर भी 1.15 फीसद रह गई है। इसके साथ ही देश में पांच लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।


**तेजी से आगे बढ़ रहा वैक्सीनेशन अभियान**- उल्लेखनीय है कि देश में अब तक चार करोड़ 40 लाख 54 हजार 621 लोग कोरोना महामारी से ठीक हो चुके हैं। इसके अलावा देश में पांच लाख 28 हजार 799 लोगों की महामारी से मौत हुई है। साथ ही देश में कोरोना टीकाकरण अभियान भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में 218 करोड़ 97 लाख 88 हजार 104 वैक्सीन की अब तक डोज दी जा चुकी है। जल्द ही ये आंकड़ा 219 करोड़ के आंकड़े को पार कर लेगा।

# उद्धव गुट ने पार्टी के नाम-निशान की लिस्ट दी:नाम में शिवसेना बालासाहेब ठाकरे पहली पसंद, निशान में त्रिशूल और उगता सूर्य

मुंबई।

मुंबई के अंधेरी ईस्ट में होने वाले उप-चुनाव के लिए उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी के नाम और निशान की लिस्ट इलेक्शन कमीशन को सौंपी है। उद्धव गुट ने यह कदम तब उठाया, जब ईसी ने शिंदे गुट की याचिका पर शिवसेना के सिंबल तीर-कमान को फ्रीज कर दिया। ईसी के फैसले के बाद शिंदे और उद्धव गुट इस निशान का इस्तेमाल चुनाव में नहीं कर पाएंगे। कुछ रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से रविवार को दावा किया गया है कि उद्धव गुट ने दो नाम ईसी को बताए हैं। पहला- शिवसेना बाला साहेब ठाकरे और दूसरा- शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे।



# 'सरकार की आमद मरहबा...'

## कुचामन में 20 डीजे के साथ निकला 2 किमी लम्बा जुलूस-ए-मोहम्मदी, रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के मुबारक मौके पर रविवार को निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी इस बार रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। 20 से अधिक डीजे साउण्ड के साथ निकले इस जूलूस में करीब 15 हजार से अधिक लोग शमिल हुए। जुलूस की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां जुलूस के एक छोर से दूसरे छोर की लम्बाई करीब 2 किलोमीटर तक रही। जुलूस में मुहम्मद साहब की शिक्षाओं का सन्देश देने वाले झंडों के साथ तिरंगे झंडे भी बराबर लहरा रहे थे। जो लोगों को पैगम्बर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं के साथ वतनपरस्ती का भी सन्देश दे रहे थे।

मदरसा इस्लामियां सोसाटयी की जानिब निकला यह जुलूस प्रात: आठ बजे पलटन गेट मस्जिद से रवाना हुआ जो गोल प्याऊ, लॉयन्स सर्किल, स्टेशन रोड, गौशाला होते हुए लुहारिया बास, अम्बेडकर सर्किल, आथूणा दरवाजा, धान मंडी, घाटी कुआं, मोची मोहल्ला, कश्मीरी गेट, खान मोहल्ला, होद का दरवाजा, छीपा मोहल्ला, ब्रह्मपुरी, सूरज पोल, गुलजारपुरा, व्यापारी मोहल्ला, भांवता रोड, सीकर बस स्टैण्ड आकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में दर्जनों मदरसों के बच्चे शरीक हुए।

**सैकड़ों स्थानों पर की गई शिरनी तक्सीम**–जुलूस में विभिन्न मदरसों के बच्चे शामिल हुए तथा सैकड़ों स्थानों पर शिरनी तक्सीम की गई। जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र छीपा मोहल्ला, घाटी कुआं, खान मोहल्ला, व्यापारी मोहल्ला, लालू बाड़ा, मोची मोहल्ला, होद का दरवाजा, कश्मीरी गेट, भांवता रोड, दीपपुरा रोड, गुलजारपुरा, सीकर रोड, कारीगरों का मोहल्ला, भिस्तियों का बास, लुहारिया बास, न्यारियों का मोहल्ला, बाबा हैदर अली रोड, आथूणा दरवाजा, गुलाब बाड़ी आदि को रोशनी से सजाया गया।

## जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी पर मूण्डवा में निकला जुलूस
### लोगों ने एक-दूसरे को दी ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** पैगंबर-ए-इस्लाम मोहम्मद साहब का यौमे पैदाइश का दिन जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी अकीदत और जुलूस के साथ मनाया गया। जुलूस में पैगंबर साहब की शान में अकीदतमंदों ने सरकार की आमद मरहबा.., मुख्तार की आमद मरहबा.., पत्ती-पत्ती, फूल-फूल, या रसूल, या रसूल..., मुस्तफा जाने रहमत पर लाखों सलाम...जैसे नारे लगते हुए जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथों में झंडे लेकर जुलूस में हिस्सा लिया। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जुलूस का तहेदिल से इस्तेकबाल कर सांप्रदायिक एकता का परिचय दिया। मदीना मस्जिद के मौलाना हाजी कारी रईस अहमद ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी पर मदीना मस्जिद से प्रारंभ होकर इस्लामिया की गली, संस्कार बाल निकेतन, पोकंडी तालाब, मदीना चौक, नागौरी फलसा होते हुए जाना शहीद बाबा की दरगाह पहूँचा। हर मोहल्लों से निकली जुलूसे मोहम्मदी में काफी तादात में लोग शामिल हुए। जहाँ पर देग तकसीम की गई। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहल्लो में आकर्षक सजावट किया था। लोगों ने घरों व मस्जिदों को रोशनी से सजाया। जगह-जगह झंडे लगाए गए।

## कुचामन में ईद मिलादुन्नबी पर आयोजित रक्तदान शिविर में 217 यूनिट रक्त संग्रहित
### मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी की जानिब से आयोजित शिविर में इस बार महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

कुचामनसिटी(नागौर डेली न्यूज) :





मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और इस साल बारहवां विशाल रक्तदान शिविर भामाशाह राव परिवार के डॉक्टर शकील अहमद राव, डॉक्टर सलीम मोहम्मद राव, डॉक्टर साबिर हुसैन राव के आर्थिक सहयोग से मरहूम डॉक्टर शफी मोहम्मद राव एवं मरहूमा मुमताज बेगम के बराएं इसाले सवाब के लिए आयोजित किया गया, जिसमें 217 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर का शुभारंभ शिक्षाविद् रफीक अहमद उस्मानी, डॉक्टर शकील अहमद राव, डॉक्टर सलीम मोहम्मद राव, कुचामन नगर परिषद के सभापति आसिफ खान, पूर्व विधायक हरीश कुमावत, कुचामन विकास समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश काबरा और मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के सदर मोहम्मद शकील कुरैशी ने किया। प्रथम रक्तदाता के रूप में बूंदू अली ने रक्तदान किया, वहीं एडवोकेट दौलत खान ने 51वीं बार रक्तदान किया।

#### चार ब्लॅड बैंकों ने किया रक्त संग्रहित

शिविर में चार ब्लड बैंकों की टीमों ने रक्त संग्रहण का कार्य किया, जिसमें राजकीय बांगड़ चिकित्सालय डीडवाना, श्याम ब्लड बैंक कुचामन, फ्रीडम ब्लॅड बैंक जयपुर एवं रामपाल ब्लॅड बैंक जयपुर ने रक्त संग्रहण का कार्य किया।

#### शिविर में ये बने मिसाल

सोसायटी के नायब सदर जहीर खान ने बताया कि शिविर में बंदूकसाज उस्ता कारीगर समाज के 25 युवा, शेख इलाही समाज के 20 युवा, भाट समाज के 15 युवा, बिसायती चुड़ीगर समाज के 10 युवा एक साथ अपने बैनर के साथ रक्तदान के लिए पहुंचे और उन्होंने शिविर में रक्तदान किया। इसी तरह शिविर में दम्पति युसूफ खान एवं यासमीन बानो ने अपने दो बच्चियों नासिरा और नादिरा पुत्र शोएब के साथ, इलियास मौलानी एवं रइसा मौलानी, हारून भाटी एवं जमीला भाटी, इमरान भाटी एवं रइसा भाटी एवं पारिवारिक सदस्य रेहाना भाटी फरजाना भाटी, के साथ नजाकत अली एवं रिजवाना मोहम्मद इमरान शेख एवं शाहिदा बेगम, हारून मौलानी एवं सलमा बानो और पारिवारिक सदस्य शकीला बानो एवं मदीना के साथ, मोहम्मद शकील एवं तरन्नुम बेगम, इनकी पुत्री नाजमीन, भाई नदीम कुरैशी, भतीजे नाजिल एवं सोहेल के साथ, मोहम्मद यूनुस एवं अफसाना बानो ने भी एक साथ रक्तदान किया। इसी प्रकार जमीला और रईसा ने भी साथ-साथ रक्तदान किया। मोहम्मद हनीफ गौरी अपने पुत्र साहिल गौरी के साथ, इकबाल मौलानी ने अपनी पुत्री साजिदा मौलानी के साथ रक्तदान किया। इसी तरह शाहीना मौलानी ने ससुराल रूपनगढ़ से कुचामन पहुंचकर अपने भाई अदनान मौलानी के साथ रक्तदान किया, जिसकी सभी ने सराहना की।

#### इनकी रही मौजूदगी

सोसायटी के सचिव अकीक अहमद उस्मानी ने बताया कि शिविर में उपसभापति हेमराज चावला, पार्षद इमरान खान, इकराम भाटी, पार्षद अयूब सोलंकी, मनोनित पार्षद कानाराम एवं भंवर अली खान, मदरसा इस्लामिया सोसाइटी के नायब सदर हाजी अहमद लीलगर, सदस्य सलीम मनियार, हबीब सोलंकी, अरशद अख्तर कुरेशी, पूर्व उप कोषाधिकारी बहादुर खान एवं मदरसा इस्लामिया सोसाइटी के सचिव मोहम्मद इकबाल भाटी, लायंस क्लब कुचामन फोर्ट के अध्यक्ष राम काबरा, आरिफ खान (पूर्व पार्षद), डॉक्टर इशाक देवड़ा, कॉमरेड अब्बास खान, शबीक अहमद उस्मानी, अयूब शेख और सद्दाम रंगरेज, याकूब कुरैशी, करीम टाक, मनोज भारद्वाज, अहमद अली खान (पूर्व पार्षद), डॉक्टर दिनेश तलापा, एडवोकेट दौलत खान, एडवोकेट हनीफ गौरी, एडवोकेट अयूब कुरेशी, पूर्व पार्षद मनसब खान, वसीम शेख, अब्दुल वहाब खान, आसिफ खान, जावेद टाक, सलीम कारीगर, इकबाल भाट, सुरेश बंसल, राम अवतार गोयल, सुभाष पहाड़िया, हाकम अली खान, ताहा उमर भाटी, कैलाश पांड्या, अशोक अजमेरा, अब्दुल वहाब खान, फखरूदीन राव, सलीम (सम्मु) सद्दीक जोया, देवीलाल सरपंच ग्राम पंचायत खारिया, पंचायत समिति सदस्य पूसाराम व आमिन खान भी मौजूद रहे ।

#### इनका रहा सहयोग

हबीब मौलानी, इमरान खान, सरवर तंवर, इकबाल खान, हमीद आरबी, बासित अली, अख्तर ज्यानी, तौसीफ कुरेशी, नदीम कुरेशी, नदीम जोया, नवरंग माथुर, यूनुस कारीगर, समद कारीगर, इमरान कारीगर, अख्तर कारीगर, यूसुफ खान, एजाज खान, मास्टर मईनुदीन, कुतुबुद्दीन, मईनूदीन शेख, शोएब खान, सऊद खान, लतीफ कारीगर, शकील कारीगर, जमील कारीगर ने शिविर को कामयाब बनाने के लिए सहयोग किया।

## मेड़तासिटी में अकीदत के साथ मनाया गया ईद-मिलादुन्नबी पर्व



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज) :** मेड़ता शहर में रविवार को ईद मिलादुन्नबी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के अहमदिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पेश किए। मौलाना अनिसुर रहमान, मौलाना अब्दुल वहाब और अन्य मौलानाओं ने ईद मिलादुन्नबी की अहमियत को समझाया। प्रधानाचार्य जाकिर खान सांखला ने बताया कि हर वर्ष ईद मिलादुन्नबी के जुलूस की शुरू हुआ। यह जुलूस शहर के प्रिंस टॉकीज, गांधी चौक, घोशीवाडा होकर हाफिज साहब की दरगाह पहुंचे जहां चादर की रस्म अदा की गई। इस मौके पर अब्दुल अजीज भाटी, ऑल मुस्लिम चेरिटेबल सोसायटी के संयोजक शौकत अली भाटी, जलसा कमेटी के बाबू भाई, अमजद खान, मजीद भाई, रियाज मोहम्मद खान, अब्दुल रहमान, बक्षु खान, शेर मोहम्मद देशवाली, मोहम्मद आमीन, खुर्शीद भाई पटेल, मोहम्मद आबिद, पार्षद जुबेर उस्मानी, सलीम शेरानी, अमजद केके, सुलेमान खान सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

## ईद मिलादुन्नबी पर रक्तदान शिविर का आयोजन
### 100 यूनिट रक्त संग्रहित

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा में मदीना मस्जिद के सामने मुस्लिम समाज भवन में खिदमत ए खल्क युवा समिति की ओर से ईद मिलादुन्नबी पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष अली मिस्त्री व सदस्य जमालद्दीन पंवार व खुर्शीद आलम ने बताया कि खिदमत ए खल्क युवा समिति मूंडवा की ओर से यह दूसरा विशाल रक्तदान शिविर था। शिविर के दौरान 100 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर में शहर के युवाओं में भारी जोश दिखाई दिया। रक्तदान शिविर में रविवार सुबह से ही युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाना शुरू कर दिया। शिविर के दौरान लाइफलाइन ब्लड बैंक नागौर व रोटरी ब्लड बैंक जोधपुर ब्लड बैंक की टीमों ने व्यवस्थित तरीके से ब्लड डोनेट करवाया। इस दौरान मूंडवा बीसीएमओ डॉक्टर राजेश बुगासरा, पूर्व पालिका अध्यक्ष घनश्याम सदावत, बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवर लाल कासनिया, वागेश्वरी स्कूल के संचालक दयानंद गेपाला, संस्कार विद्यालय के संचालक रहमान देवड़ा व प्रधानाचार्य लाड मोहम्मद खोकर, वार्ड पार्षद वहीदुद्दीन कुरेशी, एंकर मनीष मूंडवा, व्याख्याता ख्वाजा हुसैन भाटी, किशोर, रविराज हिन्दू, जितेंद्र व करण वाल्मीकि सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में जिन युवाओं ने रक्तदान किया उन सब को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मूंडवा बीसीएमओ डॉ राजेश बुगासरा ने रक्तदान शिविर की सराहना की। मूंडवा तहसीलदार मनीराम खिचड़ ने कहा कि सरकार ने योग दिवस मनाने की घोषणा की थी लेकिन पैगंबर मोहम्मद साहब ने तो इस धर्म के साथ ही योग करने की शिक्षा प्रेरणा दी थी जिसे हम 5 बार दिन में नमाज पढ़कर अदा करते हैं। -ये रहे मौजूद

इस दौरान मूंडवा तहसीलदार मनीराम खिचड़, मूंडवा बीसीएमओ राजेश बुगासरा, समाजसेवी श्याम सुंदर कंदोई, पूर्व पालिका अध्यक्ष घनश्याम सदावत, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री लक्ष्मी नारायण मूण्डेल, डॉक्टर प्रहलाद ढाका फिजीशियन जेएलएन होस्पिटल नागौर, डॉक्टर शैलेंद्र लोमरोड स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ जेएलएन होस्पिटल नागौर, डॉ सुरेश जाखड़ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ जेएलएन होस्पिटल नागौर, बालिका विद्यालय प्रधानाचार्य भंवर लाल कासणिया, दयानंद गेपाला, महेश बंग, नवरत्न बंग, मनोज मुंडेल, मधुर सिखवाल, भ्रष्टाचार ब्यूरो तहसील अध्यक्ष दिनेश भाकल, शौकीन खोकर, बिलाल रंगरेज, नदीम खान, इलियास गौरी, जमाल दिन पंवार, पार्षद वहीदुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## परबतसर में ईद मिलादुन्नबी पर निकला जलसा



सुनील सोनी

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** पैगंबर मोहम्मद साहब की पैदाइश के अवसर पर परबतसर में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। समाज सेवी लियाकत अली ने बताया कि जुलूस तकिया मस्जिद से होते हुए जागीरदारों का चौक, सिपाईयान मोहल्ला, सदर बाजार, डंकोली मोहल्ला होते हुए जुलूस भोल पिर साहब दरगाह पहुंचा। इमाम हसैनन साहब काजी गयासुद्दिन साहब हजरत महिनूदिन द्वारा दुआ कराई। पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में सलाम पढ़ी गई व देश और दुनिया में अमन और चैन की दुआ मांगी गई।

**ये प्रबुद्धजन रहे उपस्थित**–इस दौरान पार्षद हाजी हमीद खा, पार्षद सलीम खा, पार्षद दानिश खान, पार्षद मुस्ताक अली, सिकन्दर खान, मेशरी शौकत अली, जागीदार मुराद तेली, याकुब तेली, आरिफ चौहान, सदाम ई मित्र रहिस खान, रातडा मुस्ताक खान, रातडा शेरू, भाणु, इकबाल भाई भुट्टा, अयुब खान चौहान, रहिस पठान, मुराद खान चौहान, इमामुदिन काजी, पप्पू कुरैशी, जावेद दरेश, इरफान कुरैशी, बशीर पठान, जुलुस को अपनी देख रेख चलाया। इस दौरान जगह-जगह बच्चों को फल-फ्रूट बांटे गए।



## लाडनू में तिरंगा लहराकर धूमधाम से मनाया ईद मिलाद पर्व

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ उपखण्ड के शहरी क्षेत्र सहित हुडास व जसवंतगढ़ में तिरंगे संग ईद मिलाद का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश में अमन व सलामती की दुआ के साथ जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में तिरंगे व इस्लामिक झंडो के साथ हजारों लोग शामिल हुए। कांग्रेसी नेता अयुब खान मोयल ने जसवंतगढ़ में हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। वंही लाडनूँ में शहरिया बास गुवाड़ से जावाबास, स्टेशन रोड़, तेली रोड़ होते हुए रैली का समापन दरगाह परिसर में दुआ के साथ किया गया। इस दौरान लाडनूँ में सांप्रदायिक सौहार्द देखने को मिला यहां जगह जगह मुस्लिम धर्मावलंबियों व हिंदू समाज के लोगों ने फूलों से वर्षा कर आपसी प्रेम का संदेश दिया। इस दौरान शहर काजी सैय्यद मुहम्मद अली, सैय्यद मुहम्मद मदनी अशरफी, रोशन खान, असलम कोहिनूर, अनवर अली शेख, अख्तर भाटी, उस्ताद खान आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।

# मेड़तासिटी में महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के बड़ी बाल्मीकि बस्ती में आज भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों की ओर से अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया मंदिर प्रांगण में भगवान महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया समाज के गणमान्य वक्ताओं ने जिसमें जगदीश जावा ने महाकवि महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण से अवगत कराया तथा रामलाल पालडी ने कहा समाज अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है समाज में ज्यादा से ज्यादा लोग शिक्षित हो और संगठित होकर समाज के उत्थान हेतु नव युवाओं को प्रेरित किया तथा नवरत्न मल थामेत ने अवगत कराया कि समाज को व्यशन और शराब ने समाज कोभयंकर रूप से तोड़ रखा है इसी के साथ ही अजय कुमार जावा ने नशा मुक्ति हेतु समाज में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किये जाकर नशे की लत को समूल नष्ट किया जावे। इस मोके पर भगवानदास कानाराम ,जसराज ,विक्रम गुजराती सुभाष वाल्मिकी मेवडा,आशीष वाल्मिकी ,बुधराम पंडित सुनिल सरपटा,गौरीशंकर बारासा,सरवन अटवाल आदि वाल्मिकी समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

# चातुर्मास समापन पर संत धीरजराम महाराज का किया स्वागत



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय रामद्वारा में चातुर्मास समापन अवसर पर संत धीरजराम महाराज का मंगल भावना समारोह आयोजित हुआ। महाराज ने कहा कि धर्म हमेशा व्यक्ति को सही राह दिखाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को संस्कारों के साथ धर्म की आराधना करनी चाहिए। लाडनूँ में महाराज के चातुर्मास कार्यक्रम से पूरे शहर में धार्मिक वातावरण का निर्माण हुआ है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, जगदीश प्रसाद शर्मा, श्रीमती अंजना शर्मा, शिवशंकर बोहरा सहित अनेक लोगों ने अपने विचार रखे। शहरवासियों द्वारा महाराज का तिलक लगाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात रामद्वारा से रवाना होकर संतश्री रथ में सवार होकर धूम-धाम से शोभायात्रा के साथ रामानंद गौशाला पहुंचे गौशाला प्रांगण में महाराज का भव्य स्वागत किया गया। गौशाला के अध्यक्ष सुशील पीपलवा, मंत्री अभय नारायण शर्मा, गजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी, समाजसेवी नाथूराम कालेरा, सुनीता वर्मा , चेतन भोजक आदि ने महाराज का स्वागत किया। यहां से गाजे बाजे व जयकारों के साथ महाराज को पुष्कर के लिए विदाई दी गई। संचालन वीरेंद्र भाटी ने किया।

# मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने मनाई अजमीढ महाराज की जयन्ती



शौकत खान

**डेगाना ( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना शहर में मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा अजमीढ महाराज की जयन्ती मनाई। नगर पालिका पार्षद कन्हैयालाल स्वर्णकार ने जानकारी देकर बताया कि अजमीढ महाराज की स्वर्णकार समाज की ओर से डेगाना शहर मे अम्बे माता मंदिर मे जयन्ती समारोह बड़े धूमधाम से मनाई। इसमें तहसील स्तरीय सभी बुजुर्ग लोगो का शाल, दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही तहसील स्तरीय बारहवी, स्नातक व स्नातकोत्तर मे 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक वाले विद्यार्थी का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। सम्मानित लोगो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर समाज की तरफ से भोजन की भी व्यवस्था की गई। अवसर पर सम्मानित बुजुर्ग गिरधारीलाल ढल्ला, कन्हेयालाल मौसुण, श्याम सुंदर तोषावड व शहर अध्यक्ष व मनोनित पार्षद अम्बा लाल अग्रोया व अन्य को सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के लोग रामदेव सारडीवाल, ओम सहदेव, रामाकिसन आसट, गणेश आसट, कुशाल चन्द मौसुण, प्रकाश रोडा, नथमल रोडा, लक्ष्मीनारायनण, पुरुषोत्तम तोषावड, महावीर प्रसाद, राधेश्याम, राजेश धुपड, सुशील स्वर्णकार, राजेश सोनी, अनिल सोनी व समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजीनामे से हुआ 30 वर्षों से अटके खेत के बंटवारे का राजीनामा

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नगरपालिका क्षेत्र झगड़वास में 30 वर्षों से अटके खेत के बंटवारे को लेकर शिक्षाविद भंवर सिंह राठौड़ झगड़वास ने पहल करते हुए दोनों पक्षों को समझाइश करते हुए मामले का निपटारा करवाया। प्रजापत समाज झगडवास के खेत के बंटवारे का मामला तीस वर्ष से अटका हुआ था उसको शिक्षाविद भंवर सिंह राठौड़ झगडवास द्वारा एक वर्ष के अथक प्रयास से पूरे समाज को एक जाजम पर बैठाकर सभी की सहमती से बंटवारा करवा दिया गया। प्रजापत समाज ने शिक्षाविद भंवर सिंह राठौड़ झगडवास का साफा पहनाकर स्वागत किया साथ ही कालू बन्ना का माला पहनाकर मान समान किया। जिसमें समस्त प्रजापत समाज तथा भंवर सिंह राठौड़, गोरधनसिंह ,बिरमाराम गीला, पुनाराम राईका, भंवर सिंह नाथावत, शैतान राईका, किसना राम मेगवाल,जवरीलाल राव, सुण्डाराम काला, पांचाराम गिला, गंगासिंह नाथावत, प्रजापत परिवार सूखदेवाराम, भंवरलाल, बिरदाराम, परसाराम, जेठाराम, बाबुलाल, पैमाराम,पन्ना लाल,जवानाराम,सुरेश प्रजापत, श्रवण राम,ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।

## खाखोली पूर्व गौशाला अध्यक्ष सुसाईड प्रकरण

# 2 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

## एक सप्ताह बाद परिजनों को उठाये शव

धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम खाखोली में सात दिन पूर्व हुए आत्महत्या मामले में परिजनों की पुलिस से वार्ता सफल रही। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके, अन्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उसके बाद परिजनों ने अतिम संस्कार के शव ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खाखोली मे सात दिन पूर्व गौशाला अध्यक्ष गिरधारीराम मेघवाल ने पेड़ से लटकर आत्महत्या कर ली थी, जिस पर मृतक के भाई जगदीश पुत्र रामदेवाराम मेघवाल ने पुलिस को रिपोर्ट देते कहा कि गिरधारीराम मेघवाल गौशाला अध्यक्ष के पद पर कार्य करता था, जिसमें गांव के छः लोगो द्वारा तंग परेशान करने का आरोप लगाया है। इससे तंग व परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज करते हुये जांच शुरू कर दी। वहीं इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने जानकारी देते हुये बताया कि खाखोली में पेड़ से लटकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने खाखोली निवासी शिवराज भाकर (29) पुत्र मोतीराम जाति जाट और चुनाराम पुत्र हरुराम जाति जाट को गिरफ्तार किया गया।



### परिजन व प्रशासन के बीच दो बार हुई वार्ता

जानकारी के अनुसार धरने पर बैठे परिजन व समाज के लोगों व प्रशासन के बीच करीबन दो बार वार्ता हुई, जिसमें प्रथम बार वार्ता मे कोई बात नहीं बनी। वहीं दूसरी बार वार्ता में प्रशासन व परिजनों के बीच हुई वार्ता पूरी सफल हुई, जिसके बाद परिजनों ने शव लेने की बात कही।

# टोल नाको पर हो रही लूट को बंद किया जाए

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रदेश के टोल नाकों पर आमजन के साथ भारी लूट की जा रही है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार एक और अपने आपको किसान हितेषी बता रही है जबकि सबसे ज्यादा परेशान किसान है। एक और किसान लम्पी डिजिज महामारी के चलते अपने पशुओं को नहीं बचा पाए वंही बेमौसम बारिश से के चलते सब कुछ चौपट हो गया। वंही राजस्थान सरकार के यह स्टेट हाइवे कोढ में खाज वाली कहावत चरितार्थ कर रही है। कुचामनसिटी के एक किसान सत्तार खान अपनी दो गायों के मर जाने के बाद अपनी एक बगैर दूध देने वाली भैंस को बेचने के लिए एक पिकअप से सरदार शहर जाते हैं तो डीडवाना तहसील के छापरी टोल पर इस पिकअप को ट्रक बताकर 802 रुपये वसूल कर लेते हैं किसान के इस पर विरोध करने पर टोल कर्मी अभद्रता कर जबरदस्ती टोल वसूली कर लेते हैं। अखिल भारतीय किसान सभा इस तरह की लूट की कड़े शब्दों में निंदा करती है और सरकार से मांग करते हैं की उक्त टोल को सीज किया जाए व पिडित किसान के साथ न्याय किया जाए वर्ना आगामी दिनों में छापरी टोल पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# माली समाज की बैठक आयोजित

सुनील सोनी

**परबतसर ( नागौर डेली न्यूज ) :** माली (सैनी) समाज सामूहिक विवाह समिति छः गांव- मकराना, परबतसर, बोरावड़, बिदियाद, बड़ू ,कालवा के तत्वावधान में देव उठनी एकादशी दिनांक 4 नवंबर को परबतसर में होने वाले आगामी सामुहिक विवाह सम्मेलन के सफ़लता पूर्वक आयोजन हेतु एक नियमित मीटींग माली समाज चौताला छात्रावास भवन में समिति अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत के अध्यक्षता में हुई। समिति महासचिव गणपतलाल सोलंकी ने बताया कि आज की मीटिंग में बाद चर्चा के विभिन्न प्रस्तावों पर निर्णय पारित किये गये कि माली समाज के विवाह योग्य आयु वर 21 व वधु 18वर्ष के जोड़ो का सामुहिक विवाह करवाये हेतु पंजीयन शुल्क प्रत्येक पक्ष से रुपए 21000 संबंधित कागजात जमा करवाकर पंजीयन करवा सकेंगे। अब तक 35 जोड़ो ने पंजीयन हेतु अपने कागजात पेश कर रसीद प्राप्त कर ली गई है।

# मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने अजमीढ़ महाराज जयन्ती मनाई

## समाज की मेधावी प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मैंढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से रविवार को अजमीढ़ महाराज का जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के मैंढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन में समाज की मेधावी प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

समाज के धर्मीचंद सोनी ने बताया कि जयंती अवसर पर मैंढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज भवन में सबसे पहले महाराज अजमीढ़जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा में मेड़ता शहर के साथ-साथ तहसील क्षेत्र के समाज के लोगों ने भाग लिया। इसके बाद समाज के भवन में ही कार्यक्रम शुरू हुआ। अतिथियों की ओर से समाज की प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के दीपक सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के उपलक्ष में महिला मंडल की भी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक मेहंदी, संगीत, अंताक्षरी और रंगोली सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई थी। आज इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाली समाज की महिलाओं और बेटियों को भी पुरस्कार देकर उनका हौसलावर्धन किया गया।



# उच्च गुणवत्ता व कम दाम सिटी मॉल की पहचान : मिर्धा

## सिटी मॉल का वार्षिक आयोजन रिछपाल सिंह मिर्धा रहे मुख्य अतिथि

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** सिटी मॉल डेगाना जंक्शन का वार्षिक उत्सव रविवार को माहेश्वरी भवन में दोपहर 3 बजे से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व विधायक व कांग्रेस के नेता रिछपाल सिंह मिर्धा रहे। वही मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल, उपाध्यक्ष हारुन रसीद खान, शहर अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल, भामाशाह द्वारका प्रसाद हेड़ा, बिरदीचंद तोषनिवाल सहित का सिटी मॉल के संस्थापक रामस्वरुप सोनी ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया एवं सैकड़ों पुरस्कार वितरित किए गये। सिटी मॉल के संस्थापक रामस्वरूप सोनी ने बताया सिटी मॉल के वार्षिकोत्सव पर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम पुरस्कार एसईडी टीवी था जो बक्साराम जाखेडा के खुला। दुसरा उपहार फ्रिज पुरखाराम गोनरड़ा व हिमांशु डेगाना तिसरा इनाम कुलर जो क्रमश ज्बबर सिंह, रामनिवास पालियास ओर हीरालाल मांडल जोधा के खुला। सिटी मॉल के प्रबंधक गोपाल सोनी व हरिश सोनी ने बताया सिटी मॉल नागौर जिले का प्रथम अत्याधुनिक सुपरमार्केट है जहां सभी सुविधाओं के साथ ग्राहक को उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता के उत्पाद वाजिब दाम पर उपलब्ध होते हैं। सिटी मॉल ग्राहकों को समय-समय पर विभिन्न योजनाओं का लाभ भी देता रहा है आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी सिटी मॉल के वार्षिकोत्सव पर दी गई। इस अवसर पर पत्रकार सत्यनारायण शर्मा, जयपाल सिंह, शौकत खान, सुमित तिवारी सहित पत्रकारो को सम्मानित किया गया।

# अभिनेत्री पाटनी को अवार्ड से नवाजा

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थानी फिल्म अभिनेत्री सोनम पाटनी को राजस्थान सीने अवार्ड्स 2022 का बेस्ट जूरी फेवरेट आर्टिस्ट (फिमेल) अवार्ड से नवाजा गया है। पाटनी को यह अवार्ड राजस्थानी फिल्म बाबुल थारी लाडली में उनके द्वारा किए गए अभिनय के लिए दिया गया है। फिल्म बाबुल थारी लाडली को विभिन्न पांच केटेगरी में अवार्ड्स प्रदान किए गए। जयपुर के एआरजी ओडिटोरियम में बॉलीवुड व राजस्थानी फिल्मों के सितारों, तकनीकी कलाकारों व गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। लाडनूँ की सोनम पाटनी तक बाबुल थारी लाडली, आपां नै तो बेटी बचाणी है, ये कैसा है दहेज, देख्या ठा पड़सी, दुल्हनिया किश्तों में, आ तो जोर की होई, ऐनी टाईम हेकड़ी, जरी वाला आसमान, गैंगस्टर, देवी एक मां, भीगे होंठ तेरे, आदि हिंदी व राजस्थानी फिल्मों में अभिनय कर चुकी है।



# कुचामन टीम ने जीता कबड्डी का खिताब

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी समीपस्थ ग्राम उलाणा में रात्रिकालीन श्री देवनारायण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। इसमें आसपास के क्षेत्र की 13 टीमों ने भाग लिया। रात भर अलग अलग गांवो से आयी टीमो के मध्य रौचक मुकाबले हुए। ग्रामीणो ने रात भर विभिन्न टीमो की कांटे के मुकाबले देखकर रोमांचित हो उठे। मैचों का आयोजन सुबह तक चला। फाइनल मुकाबला उलाना टीम व सैनिक छात्रावास कुचामन की टीम के बीच हुआ। इसमें कुचामन टीम विजेता रही व उलाना टीम उपविजेता रही। सरपंच प्रतिनिधि दयालाराम कुमावत, भामाशाह सुरेन्द्र सिंह कांसैड़ा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप गुर्जर,वार्ड पंच लालाराम गुर्जर ,नाथू सिंह ने विजेता टीम को 2500 रू नकद व ट्राफी प्रदान की। उपविजेता टीम को 1500 रू नकद व ट्राफी पारितोषिक के रूप में वितरण किया । इस दौरान मंगेजा राम ,महिपाल सिंह ,लालाराम चौधरी ,रिछपाल सिंह ,मुकेश गुर्जर ,देवा गुर्जर, अशोक नायक, लक्ष्मण नायक, नरेन्द्र सिंह, खेताराम नायक, रामपाल गुर्जर, सुभाष गुर्जर, मूलचंद गुर्जर ,जगमाल गुर्जर, मदन गुर्जर सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने मौजूद थे। फोटो-3



# शरद पूर्णिमा व ईद मिलादुन्नबी पर बेबी कीट किए वितरित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** सबको प्यार सबकी सेवा जीवों और जीने दो के उद्देश्यो से चलने वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल कुचामनसिटी द्वारा राजकीय चिकित्सालय में शरद पूर्णिमा ईद मिलादुन्नबी महोत्सव के उपलक्ष्य में नवजात शिशुओं को मेडिकेटेड हाईजेनिक 21 बेबी कीट वितरित किए। इस दौरान डॉ. शीशपाल मूण्ड, डॉक्टर विरेंद्र सिंह चौधरी, मेल नर्स आचुकी, अनीता गुर्जर, इंद्रा, जोन कोषाध्यक्ष वीर सुभाष पहाड़िया, अध्यक्ष वीर कैलाश पांड्या, सचिव वीर रामावतार गोयल, वीर नरेश झांझरी, महेश लढा आदि मौजूद रहे।

# रेगर महासभा में भाग लेने के लिए मेड़तासिटी से सैकड़ों समाज बंधु पहुंचे जयपुर

## रेगर समाज सरकार के समक्ष रखेगा अपनी विभिन्न मांगे, समाज की राजनीतिक सामाजिक व आर्थिक जनजागृति को लेकर होगी चर्चा

सुशील दिवाकर

मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज) : जयपुर में आज रैगर समाज 7 वा महासम्मेलन आयोजित होने वाला है। इस महा सम्मेलन में भाग लेने के लिए मेड़ता सिटी से रेगर समाज के सैकड़ों लोग बस से जयपुर के लिए रवाना हुए है।जिला उपाध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण सबलानिया ने बताया कि इस महासभा में रेगर समाज के प्रदेश भर के लोग शामिल होंगे इसके साथ ही अगर समाज की विभिन्न मांगे सरकार के समक्ष रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस महासभा के कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं महासभा के जिला संयोजक मदन लाल बालोटिया ने बताया कि रैगर समाज सामाजिक रुप से एकजुटता का परिचय आज महासभा के माध्यम से देगा। इसके साथ ही समाज के लोगों में राजनीतिक सामाजिक व आर्थिक जनजागृति आए। इसी को लेकर आज महासभा के माध्यम से समाज को आह्वान किया जाएगा।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जगदीश कुराडिया, सूरज चौहान, रामाकिशन बडारिया, लक्ष्मण बडारिया, रूपाराम बाकोलिया नेमीचंद बडारिया , गिरधारी बडारिया, नरेंद्र बडारिया,मनोज सबलानिया , रोहित सबलानिया, धारूराम फुलवरिया, विक्रम बालोटिया, नौरत सुवासिया, मेड़ता विधानसभा क्षेत्र के समाज के लोग शामिल हुए।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com